संख्या- 17/1259/बयालिस-2018-17(बजट)/2018

प्रेषक,

मो0 इफ्तेखारूद्दीन,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

खेल अनुभाग **लखनऊ : दिनांक : 15 जून, 2018**

विषय :- म्योहाल इलाहाबाद के मुख्य भवन के जीर्णोद्धार के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- जी0- 297/नि0 इलाहाबाद पत्रा0/2018-19, दिनांक 23.05.2018 के सन्दर्भ में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद इलाहाबाद के अमिताभ बच्चन स्पोर्टस काम्पलेक्स, म्योहाल, इलाहाबाद के मुख्य भवन के जीर्णोद्धार हेतु नामित कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 (पैकफेड) द्वारा गाठित आगणन लागत रू0 496.35 लाख के सापेक्ष ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा आंकलित लागत धनराशि रू0 491.29 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा उक्त के सापेक्ष वित्तीय वर्ष- 2018-19 में नई मांग के माध्यम से अनुदान संख्या-22 के लेखाशीर्षक 4059-लोक निर्माण कार्य पूँजीगत परिव्यय-80-सामान्य-051-निर्माण-04-म्योहाल इलाहाबाद-0401-मुख्य भवन का जीर्णोद्धार हेतु बजट में प्राविधानित धनराशि रू0 300.00 लाख में से रू0 2,45,64,500.00/- (रू0 दो करोड़ पैतालिस लाख चौसठ हजार पांच सौ मात्र) आंकलित लागत 50 प्रतिशत धनराशि प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त करने की श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :-

(1)- उक्त स्वीकृत धनराशि रू0 2,45,64,500.00/- (रू0 दो करोड़ पैतालिस लाख चौसठ हजार पांच सौ मात्र) निदेशक, खेल द्वारा कोषागार से आहरित करके कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 (पैकफेड) को उपलब्ध करायी जायेगी। उक्त धनराशि की स्वीकृति वित्तीय वर्ष- 2018-19 में उपलब्ध बजट के अन्तर्गत दी जा रही है।

(2)- कार्य की विशिष्टियां मानक एवं गुणवत्ता की जिम्मेदारी निदेशक, खेल एवं कार्यदायी संस्था की होगी।

(3)- स्वीकृत धनराशि को आहरित कर बैंक/डाकघर/पी0एल0ए0/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(4)- प्रायोजना की लागत में टाइम ओवर रन एंव कास्ट ओवर रन न हो अत: इस समबन्ध में शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों एंव बजट मैनुअल के प्रस्तर- 212 (VII) में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5)- लेबर सेस/जी0एस0टी0 के भुगतान की कार्यवाही नियमानुसार सुनिश्चित की जायेगी।

(6)- प्रायोजनान्तर्गत यह सुनिश्चित किया जायेगा कि स्वीकृत किये जा रहे कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत्र में धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है।

(7)- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग- 1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 8/2017/बी-1-1190/दस-2017-231/2017, दिनांक 03 अगस्त, 2017 के प्रस्तर- 7 में उल्लिखित परियोजनाओं में टाइम ओवर रन/कास्ट

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

ओवर रन को नियंत्रित करने विषयक वित्त विभाग के शासनादेश दिनांक 21 जून, 2017 में दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी तथा वित्त (आरू-व्ययक) अनुभाग- 1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 1/2018/बी-1/375/दस-2018-231/2018, दिनांक 30 मार्च, 2018 में दी गयी व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(8)- स्वीकृत धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग- 2 के शासनादेश दिनांक 19 अक्टूबर, 2015 में अंकित शर्तों एवं निर्देशों का पूर्णत: अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

(9)- जनपद इलाहाबाद के अमिताभ बच्चन स्पोर्टस काम्पलेक्स, म्योहाल, इलाहाबाद के मुख्य भवन के जीर्णोद्धार हेतु प्रस्तुत प्राक्कलन में विभिन्न मदों के लिए उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग की दरें, दिल्ली शिड्यूल ऑफ रेट, बाजार भाव एवं दर विश्लेषण की गई दरें लगायी गयी है। प्राक्कलन का परीक्षण करने पर पाया गया कि कुछ दरें बाजार भाव के अनुसार लगायी गई है, परन्तु उनके पक्ष में कोई भी कुटेशन संलग्न नहीं है। बाजार से सर्वे के उपरान्त दरों का सत्यापन किया गया है। अत: वास्तविक कार्य का क्रियान्वयन ई-निविदा के साथ वृहद प्रचास्प्रसार के साथ कार्यदायी संस्था द्वारा किया जायेगा।

(10)- शासनादेश के आलोक में प्राक्केलन में अलग से लेबर सेस लगाया जाना अनुमन्य नहीं है। अत: लेवर सेस का प्राविधान प्राक्कलन से हटा दिया गया है।

2- उक्त मद में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष- 2018-19 के अनुदान संख्या- 22 के लेखाशीर्षक '' 4059-लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय-80-सामान्य-051-निर्माण-04-म्योहाल इलाहाबाद-0401-मुख्य भवन का जीर्णोद्धार-24-वृहत निर्माण कार्य'' के नामे डाला जायेगा।

3- उक्त स्वीकृति वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग- 1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 1/2018/बी0-1-375/दस-2018-231/2018, दिनांक 30 मार्च, 2018 के प्रस्तर- 2 के सबप्रस्तर- 11 के बिन्दु- (ग) (ब) में प्राविधानित अधिकारों के तहत जारी किये जा रहें है।

भवदीय,

(मो0 इफ्तेखारूद्दीन)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या- 1259(1)/बयालिस-2018-तद्दिनांक :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1)- महालेखाकार उ0प्र0 (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
(2)- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
(3)- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
(4)- जिलाधिकारी, इलाहाबाद।
(5)- क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, क्षेत्रीय खेल कार्यालय, इलाहाबाद।
(6)- निदेशक, वितत्तीय सांख्यिकी निदेशालय,जवाहर भवन, लखनऊ।
(7)- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 (पैकफेड) लखनऊ।
(8)- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग- 1
(9)- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग- 5
(10)- नियोजन अनुभाग- 4
(11)- गार्ड फाईल/कम्प्यूटर प्रति।

आज्ञा से,

(भूपेन्द्र बहादुर सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in